दिन– रविवार　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 08 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　अवधिः– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत को विकसित बनाने में स्त्री–शक्ति की परिवर्तनकारी भूमिका होगी और इसलिए सरकार पिछले ग्यारह वर्षों से महिलाओं के नेतृत्व पर अधिक ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि विज्ञान, शिक्षा, खेलकूद, स्टार्ट–अप और सशस्त्र बल– हर क्षेत्र में महिलाएं उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दूसरों के लिए प्रेरणा–स्रोत बन रही हैं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए सरकार के ग्यारह वर्ष पूरे होने के अवसर पर सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि एनडीए सरकार ने विकास में महिलाओं की सशक्त भूमिका के लिए कई महत्वपूर्ण पहलें की हैं। इनमें स्वच्छ भारत अभियान, जन–धन खातों के ज़रिए वित्तीय समावेशन और ज़मीनी स्तर पर महिलाओं का सशक्तिकरण करना शामिल हैं। श्री मोदी ने कहा कि उज्ज्वला योजना से घरों को धुआं–मुक्त बनाने में मदद मिली है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुद्रा ऋण से लाखों महिलाओं के लिए उद्यमी बनने का सपना पूरा हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत महिलाओं के नाम पर मकान लेने के प्रावधान से महिलाओं में सुरक्षा और सशक्तिकरण की भावना बढ़ी है। श्री मोदी ने बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान को बालिका संरक्षण का राष्ट्रीय अभियान बताया।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में गांधी सेतु के समानांतर बन रहे चार लेन ब्रिज के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने योजना से जुड़े विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी सहित निर्माण कार्य से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे।

————————————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी राम विलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि लोगों की आशाओं को पूरा करने के लिए उनकी पार्टी पूरी ताकत से विधानसभा का चुनाव लड़ेगी। श्री पासवान ने आज आरा के रमना मैदान से बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार की शुरूआत करते हुये कहा कि उनके विधानसभा चुनाव लड़ने का अंतिम फैसला संसदीय बोर्ड करेगी। उन्होंने कहा कि बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट के संकल्प के साथ उनकी पार्टी चुनाव में उतरेगी।

---

राजद नेता तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया है कि वर्ष दो हजार चौदह के बाद से सभी संवैधानिक संस्थाओं को हाइजैक कर लिया गया है। श्री यादव ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर कहा कि चुनाव आयोग की ओर से चुनाव की घोषणा से पहले ही भाजपा के आईटी सेल को पता होता है कि चुनाव कब होगा। इधर, केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि विपक्ष चुनाव से पहले ही अपनी हार से बौखला गया है। उन्होंने कहा कि जनता एनडीए के साथ है। श्री सिंह ने कहा कि आज बिहार में डबल इंजन सरकार ने विकास के नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं।

---

इंडियन स्टेट ब्रॉडकास्टिंग सर्विस को आज ही के दिन उन्नीस सौ छत्तीस में ऑल इंडिया रेडियो नाम मिला था। आगे चलकर इसे आकाशवाणी के नाम से भी जाना गया। देश में रेडियो की शुरुआत तेईस जुलाई उन्नीस सौ सत्ताईस को हुई। रेडियो क्लब ऑफ बॉम्बे से शुरू हुआ सफर चौरनवे साल बाद देश की निन्यानवे प्रतिशत से अधिक आबादी तक पहुंच चुका है।

---

राजधानी पटना सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्सों का मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसक विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास के डेहरी में सर्वाधिक तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं, दस से अधिक जिलों का अधिकतम तापमान अड़तीस डिग्री सेल्सियस के ऊपर रहा। विभाग ने अगले दो से तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि की संभावना जताई है। विभाग ने ग्यारह जून से राज्य के अधिकांश भागों में बारिश का पूर्वानुमान भी व्यक्त किया है। इस दौरान पचास से साठ किलोमीटर प्रति घंटें की रफ्तार से हवा भी चल सकती है।

---

समाप्त